सत्यमेव जयते
Government of India

Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
7640	10.08.2023	11.08.2023	Damoh Madhya Pradesh	www.amarujala.com /Hindi https://www.amarujala.com/madhya-pradesh/damoh/an-eight-year-old-girl-died-due-to-diarrhea-outbreak-in-pali-village-of-damoh-2023-08-10
Title:	**8 year old girl died due to diarrhoea in Pali village of Damoh, Madhya Pradesh**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU – Damoh, SSU- Madhya Pradesh			

दमोह जिले के हटा ब्लॉक के ग्राम पाली में कुएं का पानी पीने के बाद डायरिया फैलने से आठ वर्षीय बालिका की मौत हो गई है। वहीं, 50 लोग बीमार हो गए। स्वास्थय विभाग की टीम ने गांव पहुंचकर लोगों की जांच शुरू कर दी है। दवाइयों का वितरण किया जा रहा है।

पाली गांव पहुंची मेडिकल टीम में डॉक्टर प्रदीप तंतुवाय के साथ अन्य डॉक्टर शामिल हैं। डॉक्टर ने बताया कि गांव में मरीजों की जांच कर इलाज किया जा रहा है। इसके अलावा गंभीर मरीजों को हटा के सिविल अस्पताल और दमोह जिला अस्पताल रेफर किया गया। स्वास्थ विभाग के अनुसार स्थिति अब नियंत्रण में है और डायरिया फैलने की वजह पता की जा रही है। बता दें आठ अगस्त की रात कई लोग उल्टी, दस्त से बीमार हुए थे और सुबह तक मरीजों की संख्या बढ़ गई। इसी बीच आठ वर्षीय रबीना पिता ब्रजेश वर्मन की मौत होने की सूचना भी सामने आई है।

कुएं का पानी पीने के बाद बिगड़ी स्थिति

गांव के सरपंच किशोर यादव द्वारा डायरिया फैलने की सूचना मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी हटा व जनपद सीईओ को दी गई। बताया गया कि गांव में 60 से 70 लोग डायरिया से पीड़ित हैं और 8 वर्षीय मासूम बच्ची

की मौत हो गई है। इसलिए स्वास्थ टीम भेजी जाए। मौके पर पहुंचे डॉक्टर ने बताया कि 35 से अधिक ग्रामीणों का स्वास्थ परिक्षण किया गया, जिनमें कुछ अन्य रोग सहित डायरिया के मरीज हैं। ग्रामीणों ने बताया कि एक कुएं का पानी पीया था, जिसके बाद यह स्तिथि बनी है। स्वास्थ विभाग की टीम ने कुएं में ब्लीचिंग पाउडर डाल दिया है।

इस संबंध में हटा सीबीएमओ डॉ. संदीप पलंदी ने बताया की स्वास्थ टीम भेजकर पाली में इलाज किया जा रहा है। बता दें बारिश थमने के बाद लोग डायरिया का शिकार हो रहे हैं। जिला अस्पताल में भी लोग अपना इलाज कराने पहुंच रहे हैं।

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,

Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India

22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054

For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029

Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in

Join us on twitter https://twitter.com/IDSP_MSVC